# PATLIPUTRA UNIVERSITY
# PATNA-800020

E-mail:- proctor@ppup.ac.in


**Ref. no:- 29/Proc./PPU/26** **Date:- 08-08-2026**

सेवा में,

प्राचार्य / प्रभारी प्राचार्य
सभी कोटि के महाविद्यालय
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय
पटना |

**विषय:- 'नशामुक्त भारत अभियान' हेतु कार्यक्रम आयोजित कराने के संबंध में**

महोदय / महोदया,

राज्यपाल सचिवालय, बिहार (बिहार लोक भवन, पटना – 800022) के पत्रांक – बी०एस०यू ० – 14/2025-1459 / रा . स . (1), दिनांक 09-07-26 के प्राप्त पत्र के आलोक में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पटना द्वारा अपने – अपने महाविद्यालय में 'नशामुक्त भारत अभियान' से संबंधित कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें |

इसे अति आवश्यक समझा जाए।

संलग्नक:- यथोक्त

विश्वासभाजन

8/8/26

**(प्रो. कीर्ति)**
कुलानुशासक सह नोडल ऑफिसर
हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना |

②

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

बिहार लोक भवन, पटना–800022

पत्रांक–बी0एस0यू0–14/2025– 1459 /रा०स०(I), दिनांक– 09/07/26

प्रेषक,

**दीपक कुमार सिंह,** भा.प्र.से.
राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव

सेवा में,

कुलपति
राज्य के सभी विश्वविद्यालय

**विषयः– प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पटना को 'नशामुक्त भारत अभियान' हेतु प्रचार–प्रसार संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में।**

प्रसंगः– प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मुख्य सेवाकेन्द्र, कंकड़बाग, पटना का पत्र दिनांक–22.06.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नशामुक्त भारत अभियान को युवाओं, महिलाओं एवं विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित एवं प्रसारित करने के उद्देश्य से दिनांक–04.03.2023 को ब्रह्माकुमारी माउंट आबू के साथ MOU हस्ताक्षरित किया गया है।

उक्त MOU के आलोक में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र, पटना द्वारा विद्यार्थियों एवं बहुसंख्यक युवाकर्मी को नशा के जाल में फँसने से बचाने एवं नशामुक्त जिवनशैली अपनाते हुए उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि के लिए शैक्षणिक संस्थानों के अलावा सभी सरकारी कार्यालयों में नशामुक्त भारत अभियान संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने हेतु अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

अतः प्रासंगिक पत्र की मूल प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि नशामुक्त भारत अभियान के प्रचार–प्रसार हेतु विश्वविद्यालयों एवं संबद्ध कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति दी जाए।

विश्वासभाजन,
(दीपक कुमार सिंह)
राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव

Proc/193
10/07/2026.

पत्रांक–बी0एस0यू0–14/2025– 1459 /रा०स०(I), दिनांक– 09/07/26

प्रतिलिपिः–माननीय राज्यपाल के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव

Proctor
10.7.26

10/7/26

(1)

ई-मेल : kankarbagh.pat@bkivv.org

215

आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग प्रशिक्षण केन्द्र

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय

अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यालय :
पाण्डव भवन, माउण्ट आबू,.
राजस्थान. (भारत)
वेबसाइट : www.brahmakumaris.com

स्थानीय मुख्य सेवा केन्द्र :
ओम शान्ति भवन, सी०सी०-38,
पी०सी० कॉलोनी, लोहियानगर पोस्ट ऑफिस
से दक्षिण, कंकड़बाग, पटना-800020
मो०- 9430253925

सेवा में,

महामहिम राजपाल ,

बिहार, पटना।

दिनांक:22/6/2026

विषय: प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पटना को नशामुक्त भारत अभियान हेतु प्रचार-प्रसार संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अनुमति प्रदान करने के संबंध में सभी शिक्षण संस्थानों को आवश्यक निर्देश दिये जाने के संबंध में।

प्रसंग: सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय/विभाग का पत्रांक – F.No. 9-3/2023-DP-II दिनांक – 25.04.2023,DP-12/41/2022DP-II,15/4/26

महोदय,

उपर्युक्त प्रसांगिक विषय के संबंध में सूचित करना है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय/विभाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान को युवाओं, महिलाओं एवं विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित एवं प्रसारित करने के उद्देश्य से दिनांक – 04.03.2023 को ब्रह्माकुमारीज़ माउंट आबू के साथ MOU हस्ताक्षरित किया गया है।

2. उक्त MOU के आलोक में पटना के स्थानीय सेवाकेन्द्र द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के अलावा सभी सरकारी कार्यालयों में नशा मुक्त भारत अभियान के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम प्रस्तावित है, ताकि विद्यार्थियों एवं बहुसंख्यक युवा कर्मी को नशा के जाल में फँसने से बचाया जा सके एवं नशामुक्त जीवनशैली की कला से अवगत कराते हुए उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि किया जा सके।

3. नशामुक्त अभियान कार्यक्रम के तहत उपस्थित कर्मियों को फ्लिपचार्ट/पावरपॉइंट के माध्यम से नशा के विभिन्न कारण, नशा के प्रकार एवं नशामुक्ति एवं डिजिटल वेलनेस के सरल उपाय बताया जा सकेगा जिसे सीखकर उपस्थित कर्मी अपनी आंतरिक शक्ति में वृद्धि करते हुए नशामुक्त जीवन जीने के प्रति जागरूक होंगे एवं अपने बच्चों एवं परिवार के साथ साझा कर सकते हैं तथा बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं।

4. नशामुक्त अभियान से संबंधित कार्यक्रम का समय 60 से 90 मिनट होगा एवं यह कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क होगा।

अतः अनुरोध है कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेन्द्र कंकड़बाग पटना को सभी शिक्षण संस्थानों में नशामुक्त भारत अभियान से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए आवश्यक निर्देश देने की कृपा की जाए।

अनुलग्नक: MOU की प्रति

ईश्वरीय सेवा में,

ब्र०कु० संगीता

(ब्रह्माकुमारी संगीता)

संचालिका, मुख्य सेवाकेन्द्र, कंकड़बाग पटना

4854
24/6/26

3444
22/06/26

पवित्रता ही सुख शान्ति की जननी है। हर कीमत पर इसकी रक्षा करना आपका प्रथम कर्त्तव्य है।